
# एक टके में
# चुनना मटर के दाने

एंजेला शेल्फ मेडेरिस

चित्र: चार्ल्स शॉ






# एक पैनी के लिए मटर चुनना


एंजेला शेल्फ मेडेरिस

चित्र: चार्ल्स शॉ

मैं आज आपको एक कहानी सुना रही हूँ जो मेरी माँ ने मुझे 1930 के दशक में मटर तोड़ने के बारे में सुनाई थी.




तब समय बेहद कठिन था.
मंदी के काल में
जीवनयापन के लिए
मटर चुनना
एक अच्छा काम था.




1, 2, 3, 4, 5 और

6, 7, 8, 9, 10.

अपनी कहानी सुनाना,

मेरी धुन है बस.



एक पैनी कमाने के लिए


मटर चुनने में मुझे

बहुत काम करना पड़ता था,

सूरज की तेज़ धूप में

मटर के खेत में

मुझे सड़ना पड़ता था.




टोकरी में 1, 2, 3, 4, 5 और

6, 7, 8, 9, 10


टोकरी को पूरा भरने के लिए

बहुत सारी मटर लगती थी बस.



हम मटर के दानों को सुबह की तेज़ धूप में चुनते हैं,
हम कुछ देर काम करते हैं,
फिर थोड़ा मजा भी करते हैं,
तब दादी ज़ोर से चिल्लाती हैं,
"काम पर वापस जाओ वरना तुम्हारा काम कभी पूरा नहीं होगा!"





एक टोकरी में, 2, 3, 4, 5

और 6, 7, 8, 9, 10

ढेर सारी मटर लगती है

टोकरी को लबालब भरने में बस.

अब सूरज सीधा सिर के ऊपर है,
वो उतना ही गर्म है जितना गर्म वो हो सकता है,
दोपहर खाने के समय हम निश्चित रूप से खुश होते हैं
क्योंकि तब बाहर तापमान 100 डिग्री ज़रूर होगा.



हम खाते हैं और पीते हैं और फिर,

दुबारा मटर चुनने का समय आ जाता है.

एक टोकरी में, 2, 3, 4, 5

और 6, 7, 8, 9, 10

हमारा पेट भरा है इसलिए अब समय है


फिर से काम शुरू करने का.



दादाजी ने हमें प्रति पाउंड एक पैनी देने का वादा किया,
और उसमें शहर की यात्रा भी शामिल थी,
लेकिन सूरज ढलने से पहले हमें उतनी मटर तोड़नी होगी.
हमने और अधिक मेहनत की. हमारे हाथों ने गति पकड़ी.
मैंने अपने भाई के साथ अधिक मटर चुनने की रेस लगाई.



10 बार दस मिलकर बनते हैं 100
और 100 पैनी से बनता है एक डॉलर,
काम ख़त्म होने के बाद मैं कूदूंगी
और ज़ोर-ज़ोर से चिल्लाऊँगी,



एक टोकरी में, 2, 3, 4, 5
और 6, 7, 8, 9, 10
इससे पहले कि हमें पता चलता,
टोकरियाँ लबालब, भर गईं बस.




अब, हम सभी मुस्कुरा रहे हैं क्योंकि कठिन काम पूरा हो गया है.

अब हम कुछ मौज-मस्ती करने के लिए शहर जा रहे हैं.

मैं और मेरा भाई खिलखिलाकर, हँस, और मुस्कुरा रहे हैं.

मटर तोड़ने का काम अब ख़त्म हो गया है

अब हम कुछ मज़ा कर सकते हैं!



वैगन में चढ़ते हुए हमें बहुत अच्छा महसूस हुआ,
अब मेहनत-मशक़्क़त का पूरा दिन हमारे बहुत पीछे है.



1, 2, 3, 4, 5 और 6, 7, 8, 9, 10

हम इस क्षण का सप्ताह शुरू होने के
बाद से लगातार इंतज़ार कर रहे थे बस.

जब हम दुकान में घुसे तो हमारी जेबों के सिक्के खनके,
हम लकड़ी के फर्श पर गुनगुनाते, नाचते हुए आगे बढ़े.

हमने कई सुंदर चीजें देखीं, और प्रत्येक डिब्बे में झाँका,
हमें बहुत अच्छा लगा क्योंकि हमारे पास खर्च करने को पैसे थे.




मैंने कैंडी और कारमेल मक्का खरीदी
बाद में ठंडा, सोडा पॉप भी,
फिर मैंने दुकानदार को पाँच चमकदार पैनी दीं,
उससे शनिवार की मेरी खरीदारी पूरी हुई.



1, 2, 3, 4, 5 और 6, 7, 8, 9, 10
बहुत कुछ खरीदा जा सकता है
मंदी के दौरान
एक पैनी से.



एक पैनी में मटर चुनना,
बहुत कठिन काम था,
लेकिन काम पूरा हो जाने के बाद
वो चमकदार, खनखनाते सिक्के,
बहुत अच्छे लगते थे.



अब 1, 2, 3, 4, 5 और 6, 7, 8, 9, 10
मैं आपको बता चुकी हूँ आपको
अपनी पूरी राम कहानी,
इसलिए यहीं अंत करती हूँ.



डेविस परिवार, (सामने बाएं से दाएं) टॉम, लू, लियोन, आइसी. रिकी,
(पीछे) फ्लोरिन, जॉन, विली मॅई, लियो, एंजेलिन और इमोजीन.